# मिट्टी से गढ़े गणपति, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय और महिला अधिकार एवं समाज कल्याण मंच के संयुक्त तत्वावधान में श्यामला हिल्स स्थित संग्रहालय परिसर में पर्यावरण-अनुकूल गणेश प्रतिमा निर्माण की एक दिवसीय निःशुल्क कार्यशाला आयोजित की गई।

इसमें 75 से अधिक बच्चों, विद्यार्थियों, गृहिणियों, महिलाओं और पुरुषों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने शुद्ध मिट्टी से आकर्षक गणेश प्रतिमाएं तैयार कीं। कार्यशाला में मुख्य प्रशिक्षक मूर्तिकार शिवम कुमार और पारंपरिक कलाकार प्रेरणा शर्मा ने मिट्टी के चयन, प्रतिमा निर्माण की तकनीक तथा प्राकृतिक रंगों के उपयोग की जानकारी दी।

कार्यशाला का विशेष आकर्षण बीज युक्त गणेश प्रतिमा निर्माण रहा। प्रतिभागियों को ऐसी प्रतिमाएं बनाने का प्रशिक्षण दिया गया, जिनके विसर्जन के बाद उसी स्थान पर पौधा अंकुरित हो सके। इस पहल के माध्यम से गणेशोत्सव को प्रकृति संरक्षण से जोड़ने का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम में विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भी सहभागिता की। मानव संग्रहालय के मुख्य कलाकार ललित बागुल ने कार्यशाला का समन्वय किया। संग्रहालय के निदेशक प्रो. डॉ. अमिताभ पांडे ने कहा कि आयोजन के माध्यम से प्लास्टर आफ पेरिस से होने वाले पर्यावरणीय दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता बढ़ाने और जल स्रोतों के संरक्षण पर जोर दिया गया।



## महाकाल की राजसी सवारी का 8 घंटे लगातार सजीव प्रसारण

**नप्र, भोपाल :** मध्य प्रदेश के उज्जैन स्थित विश्व प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग भगवान महाकालेश्वर की भव्य राजसी सवारी इस बार रेडियो प्रसारण के माध्यम से देश-दुनिया के श्रद्धालुओं तक विशेष अंदाज में पहुंचेगी। आकाशवाणी उज्जैन द्वारा सोमवार, 07 सितंबर को दोपहर 2 बजे से रात 10 बजे तक लगातार 8 घंटे बाबा महाकाल की राजसी सवारी का विशेष सजीव प्रसारण किया जाएगा। यह प्रसारण मध्य प्रदेश के सभी आकाशवाणी केंद्रों से एक साथ प्रसारित होगा। आकाशवाणी उज्जैन के कार्यक्रम अधिकारी ब्रह्मप्रकाश चतुर्वेदी ने रविवार को जानकारी देते हुए बताया कि रेडियो प्रसारण के इतिहास में गैर-खेल गतिविधियों के क्षेत्र में इतनी लंबी अवधि तक लगातार सजीव प्रसारण की यह अनूठी पहल है। प्रसारण के दौरान बाबा महाकाल की राजसी सवारी के संपूर्ण मार्ग, विभिन्न पड़ावों, धार्मिक अनुष्ठानों, परंपराओं और श्रद्धालुओं की आस्था का आँखों देखा हाल प्रस्तुत किया जाएगा।

# 60 शिक्षकों और प्रमुखजनों को लायंस एक्सीलेंसी टाइम अचीवमेंट अवार्ड

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में रविवार को होटल रेसिडेंसी में लायंस क्लब ऑफ भोपाल की ओर से विशेष सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समन्वयक लायन हरिओम जटिया और मोटिवेशनल स्पीकर डॉ. आमिर महबूब के संयुक्त संयोजन में हुए कार्यक्रम में शिक्षा सहित विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले 60 शिक्षकों एवं प्रमुखजनों को लायंस एक्सीलेंसी टाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया।

समारोह में शिक्षकों की भूमिका, बदलते शिक्षा परिवेश और नई पीढ़ी के साथ संवाद पर चर्चा हुई। शिक्षकों ने जेन-जी और जेन अल्फा पीढ़ी के व्यवहार, सीखने की शैली और आधुनिक शिक्षण पद्धतियों को लेकर अनुभव साझा किए। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल पाठ्यक्रम तक सीमित नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास और मूल्यों के निर्माण की जिम्मेदारी भी शिक्षकों की है।




लायंस क्लब ऑफ भोपाल के समन्वयक हरिओम जटिया ने कहा कि शिक्षक पूरी पीढ़ी के भविष्य का निर्माण करते हैं। डिजिटल युग में शिक्षकों को आधुनिक तकनीक अपनाने के साथ विद्यार्थियों से भावनात्मक जुड़ाव भी बनाए रखना होगा।

समारोह में राष्ट्रपति अवॉर्ड से सम्मानित डॉ. ऊषा खरे सहित सपना परमार, सनी छाबड़ा, हर्ष होलकर, अंकिता मिश्रा, यास्मीन अली, राजीव अग्रवाल, आर्किटेक्ट एसएम हुसैन, प्रदीप कर्मबेलकर, मनीषा आनंद, अपेक्षा डबराल और साइबर एक्सपर्ट योगेश पंडित सहित अनेक शिक्षकों का सम्मान किया गया।

## दीपावली पर काम बंद आंदोलन करेंगे बिजली आउटसोर्स कर्मचारी

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मध्यप्रदेश के 55 जिलों में कार्यरत करीब 45 हजार बिजली आउटसोर्स कर्मचारी अपनी विभिन्न मांगों को लेकर दीपावली पर्व पर काम बंद आंदोलन करेंगे। मध्यप्रदेश बिजली आउटसोर्स कर्मचारी संगठन के प्रांतीय संयोजक मनोज भार्गव ने इसकी घोषणा की है।

संगठन का कहना है कि आउटसोर्स व्यवस्था समाप्त कर पंजाब की तर्ज पर सुधार आधारित संविदा नीति लागू की जाए और विधानसभा चुनाव के दौरान किए गए वादे के अनुसार आउटसोर्स कर्मचारियों को संविदा कर्मचारी का दर्जा दिया जाए। कर्मचारियों ने न्यूनतम वेतन सहित अन्य मांगों को लेकर आंदोलन का निर्णय लिया है। मनोज भार्गव ने कहा कि बिजली कंपनियों में रिक्त पदों को विभागीय परीक्षा के माध्यम से भरने और आउटसोर्स कर्मचारियों को प्राथमिकता देने की दिशा में अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि बिजली कंपनियों के नए संगठन ढांचे में पुराने पदों को समाप्त किए जाने से कर्मचारियों के सामने रोजगार संकट की स्थिति बन सकती है।

उन्होंने कहा कि बोनस दर में बढ़ोतरी के संबंध में भी कर्मचारियों को लाभ नहीं मिल पाया है। संगठन के अनुसार, लंबे समय से पुरानी दर पर बोनस मिलने के कारण कर्मचारियों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है।

संगठन ने चेतावनी दी है कि मांगों का समाधान नहीं होने पर कर्मचारी धनतेरस की रात से दीपावली की मध्य रात्रि तक सामूहिक अवकाश लेकर काम बंद आंदोलन करेंगे। संगठन ने इसकी जिम्मेदारी राज्य सरकार की बताई है।

# प्रकृति से केवल लेने नहीं, उसे लौटाने की संस्कृति अपनाएं : वीरजी

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** भोपाल ग्रीन डोनर और द इको-अर्थ इंस्टीट्यूट एंड रिसर्च सेंटर के संयुक्त तत्वावधान में ग्रीन डोनर प्रकृति उत्सव 26 का आयोजन गोंदरमऊ मार्ग स्थित वुड्स इन रिसॉर्ट्स में किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पर्यावरणविद् एवं शोध-पंडित वीरजी ने कहा कि मनुष्य को मां प्रकृति के साथ उपभोक्ता के बजाय दाता का रिश्ता बनाना होगा। प्रकृति से केवल लेने की संस्कृति छोड़कर उसे लौटाने की भावना अपनाना समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन वर्तमान की वास्तविक चुनौती है और जिम्मेदार जीवनशैली से ही भविष्य को सुरक्षित बनाया जा सकता है।




उत्सव का शुभारंभ संगठन की निदेशक राधिका वीरेंद्र ने किया। उन्होंने विभिन्न जिलों से आए प्रतिभागियों को मां हरितिमा की रक्षा की शपथ दिलाई। इस अवसर पर हरित जीवन और पर्यावरण संरक्षण के लिए सामाजिक मंच जीडी कॉमन्स का भी शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम में गायिका हरित वीर रूपा और उनकी टीम ने भजन प्रस्तुत किए। भोपाल इकाई की समन्वयक डॉ. प्रेम के साथ हरित वीर इरा, प्रगति, देवश्री, मो. कमर, प्रशांत, राजू, विनोद, विशाखा, आयुष, वृंदा और लक्ष्मी सहित बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित रहे।

इस अवसर पर चित्रकला प्रतियोगिता के विजेता केशव श्रीवास्तव और ऋषिका मोदी को सम्मानित किया गया। पर्यावरण संरक्षण में योगदान के लिए अखिलेश, विशाखा उषा और पूनम बबली को भी सम्मान प्रदान किया गया।

## अजा एकादशी पर श्रीहरि विष्णु की विशेष आराधना



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** भाद्रपद कृष्ण पक्ष की पावन अजा एकादशी के अवसर पर सोमवार को दादाजी धाम मंदिर में विशेष धार्मिक आयोजन होंगे। इस अवसर पर श्रद्धालु भगवान श्रीहरि विष्णु की पूजा-अर्चना कर सुख, शांति, समृद्धि और परिवार के मंगल की कामना करेंगे।

अजा एकादशी को सनातन धर्म में भगवान विष्णु को समर्पित अत्यंत पुण्यदायी तिथि माना गया है। दादाजी धाम मंदिर के अध्यक्ष शिवरतन नामदेव ने बताया कि एकादशी केवल उपवास का पर्व नहीं, बल्कि आत्मसंयम, सदाचार, सेवा और प्रभु के प्रति समर्पण का संदेश भी देती है।

उन्होंने श्रद्धालुओं से भगवान विष्णु का ध्यान करते हुए जीवन में सत्य, करुणा, संयम और धर्म के मार्ग पर चलने का संकल्प लेने का आह्वान किया।

# मैनिट के फाउंडेशन डे पर पूर्व छात्रों ने साझा कीं पुरानी यादें




**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मौलाना आजाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (मैनिट), भोपाल का फाउंडेशन डे मैनिट एल्युमनी एसोसिएशन भोपाल - मान द प्राइड के तत्वावधान में सयाजी होटल में उत्साहपूर्वक मनाया गया।

कार्यक्रम में करीब 150 पूर्व छात्र अपने परिवारों के साथ शामिल हुए और संस्थान से जुड़ी पुरानी यादें साझा कीं।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मैनिट के पूर्व छात्र एवं उत्तर प्रदेश शासन के अपर मुख्य सचिव, आइएएस मुकेश मेश्राम रहे। विशिष्ट अतिथियों में वरिष्ठ पूर्व छात्र हर्षद बापना और मनोज कुकरेजा उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मान द प्राइड के अध्यक्ष अनिल भारतीय ने की। सचिव सर्वेश सिंह राजपूत ने आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

इस अवसर पर मुकेश मेश्राम, हर्षद बापना, मनोज कुकरेजा और अशोक जौहरी को संस्थान एवं समाज के प्रति उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पूर्व छात्रों ने संस्थान के साथ अपने अनुभव साझा किए और आपसी जुड़ाव को मजबूत करने पर जोर दिया।

# जन्मदिन पर विधायक भगवानदास सबनानी को मिला जनस्नेह



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** दक्षिण-पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक भगवानदास सबनानी के जन्मदिन पर मानस भवन में भव्य समारोह आयोजित किया गया। बड़ी संख्या में भाजपा नेता, कार्यकर्ता और क्षेत्र के नागरिक उन्हें शुभकामनाएं देने पहुंचे। समारोह में लोगों ने फूलों से स्वागत कर विधायक के प्रति अपना स्नेह और विश्वास व्यक्त किया।

जन्मदिन की शुरुआत विधायक सबनानी ने परिवार के साथ प्राचीन नेवरी मंदिर में पूजा-अर्चना से की। इसके बाद उन्होंने संत हिरदाराम नगर पहुंचकर संत जी की कुटिया में आशीर्वाद लिया। उन्होंने क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर आयोजित कार्यक्रमों में भाग लिया और सेवा कार्यों में भी सहभागिता की। नमो वन में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधारोपण भी किया।

मानस भवन में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए भगवानदास सबनानी ने कहा कि हजारों लोगों का स्नेह, प्यार और विश्वास देखकर वह अभिभूत हैं। उन्होंने सभी शुभचिंतकों के प्रति आभार व्यक्त किया। समारोह में मंत्री कृष्णा गौर, सांसद आलोक शर्मा, सांसद रजनीश अग्रवाल, विधायक रामेश्वर शर्मा, महापौर मालती राय सहित अनेक जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। भाजपा पदाधिकारियों, पार्षदों, सामाजिक, धार्मिक और कर्मचारी संगठनों तथा रहवासी समितियों के प्रतिनिधियों ने भी विधायक सबनानी को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं।

# सालाना समागम के समापन पर विशेष गुरबानी पाठ



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** गुरुद्वारा संत बाबा जोगा सिंह के सालाना समागम में रविवार से 25 वाँ अखंड पाठ साहिब प्रारंभ हुआ, जिसकी सेवा कुकरेजा परिवार को मिली।

सेवादार सरबनैन कौर ने बताया कि चौबीसवें अखंड पाठ साहिब के समापन अवसर पर विशेष दीवान हुआ। इसमें हैदराबाद से पधारी बहन सेजल चावला ने कीर्तन कर संगत को गुरबाणी से जोड़ा। उन्होंने बताया कि अगामी 12 सितंबर को अंतिम अखंड पाठ साहिब प्रारंभ होगा, जिसमें अमृतसर से पधारे लाला वीरजी सुबह 9 से 10.50 बजे तक सत्संग कर संगत को निहाल करेंगे।इसके बाद 14 सितम्बर को अखंड पाठ साहिब का समापन होगा। इसमें विशेष रूप से लखनऊ से पधारे संत सुखप्रीत सिंह दोपहर 12 से 2 बजे तक गुरबाणी का संगीतमय पाठ करेंगे।

# नरेला रक्षाबंधन महोत्सवः 24 हजार बहनों ने बांधी राखी

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** विश्व के सबसे बड़े नरेला रक्षाबंधन महोत्सव के पांचवें दिन रविवार को वार्ड क्रमांक 36, 37 और 70 में उत्साहपूर्ण आयोजन हुआ। सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग को 24 हजार 604 बहनों ने राखी बांधकर स्नेह और आशीर्वाद दिया। कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक और कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

मंत्री सारंग के कार्यक्रम स्थलों पर पहुंचने पर क्षेत्रवासियों ने उनका जोरदार स्वागत किया। इसके बाद उन्होंने उपस्थित बहनों पर पुष्पवर्षा कर उनका आत्मीय अभिनंदन किया। मंत्री ने कहा कि रक्षाबंधन भाई-बहन के अटूट प्रेम, विश्वास और स्नेह का पर्व है। हर वर्ष लाखों बहनों से मिलने वाला प्यार और आशीर्वाद उनके लिए सबसे बड़ी ताकत है।

उन्होंने कार्यक्रम में पहुंची बहनों से राखी बंधवाई और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। महोत्सव के दौरान बहनों में भी खासा उत्साह देखने को मिला।

आयोजकों के अनुसार महोत्सव के चौथे दिन 31 हजार 117 बहनों ने मंत्री सारंग को रक्षासूत्र बांधा था। पिछले वर्ष कुल 1 लाख 84 हजार 632 बहनों ने इस आयोजन में भाग लेकर राखी बांधी थी। इस वर्ष लगातार बढ़ रही सहभागिता को देखते हुए पिछले वर्ष का आंकड़ा पार होने की संभावना जताई जा रही है।



कार्यक्रम स्थलों पर पारंपरिक उत्सव जैसा माहौल रहा। स्वागत के दौरान ढोल-ताशों के साथ मंत्री को मुख्य मंच तक ले जाया गया और बहनों ने उत्साहपूर्वक आयोजन में भाग लिया।

महोत्सव का अगला चरण सोमवार 7 सितंबर को होगा। वार्ड क्रमांक 41 में दोपहर 2 बजे और वार्ड क्रमांक 58 में शाम 4 बजे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## सेमीकंडक्टर क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाने को तैयार एमपी

**नप्र, भोपाल :** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को मजबूत करने के लिए मध्यप्रदेश सेमीकंडक्टर क्षेत्र में महत्वपूर्ण और अग्रणी भूमिका निभाने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। प्रदेश में अत्याधुनिक तकनीक, निवेश और नवाचार के लिए अनुकूल वातावरण तैयार किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सेमीकंडक्टर तकनीक देश के आत्मनिर्भर और विकसित भविष्य की महत्वपूर्ण आधारशिला है। भारत में तकनीकी क्षेत्र में तेजी से हो रहे बदलावों के साथ मध्यप्रदेश भी अपनी भागीदारी मजबूत कर रहा है। सेमीकंडक्टर इंडिया प्रोग्राम 2.0 के तहत प्रदेश इस क्षेत्र में अपनी संभावनाओं को विस्तार देने के लिए नीतिगत और औद्योगिक स्तर पर प्रयास कर रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा छह राज्यों में 12 सेमीकंडक्टर परियोजनाओं को मंजूरी मिलने के बाद देश में इस क्षेत्र के विकास को नई गति मिली है।

# निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 266 लोगों की जांच, 18 में मोतियाबिंद की पुष्टि

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** सेवा भारती भोपाल महानगर, स्वास्थ्य आयाम और सुभाष मंडल के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को सेवा विद्या मंदिर, गोविंदपुरा भेल में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में नेत्र, नाक-कान-गला और दंत रोगों की जांच कर जरूरतमंद मरीजों को उपचार और आवश्यक दवाइयां उपलब्ध कराई गईं।

शिविर का शुभारंभ एलएनसीटी के डायरेक्टर डॉ. विशाल शिवहरे, सेवा भारती भोपाल विभाग के अध्यक्ष शिवमंगल सिंह और जैन बैंकर्स ग्रुप के कोषाध्यक्ष ताराचंद जैन ने दीप प्रज्वलित कर किया।

शिविर में कुल 266 लोगों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लिया। इनमें 204 लोगों की नेत्र जांच की गई, जिसमें 18 मरीजों में मोतियाबिंद की पुष्टि हुई। इन मरीजों को निःशुल्क ऑपरेशन के लिए सेवा सदन अस्पताल भेजा गया। वहीं 85 जरूरतमंदों को मौके पर निःशुल्क चश्मे वितरित किए गए, जबकि 21 मरीजों के दूर के चश्मे बनाकर दिए जाएंगे।



नाक-कान-गला विभाग में 26 मरीजों की जांच की गई। इसके अलावा 36 दंत रोगियों का परीक्षण और उपचार कर उन्हें आवश्यक दवाइयां उपलब्ध कराई गईं। शिविर में सेवा सदन के विशेषज्ञ नेत्र चिकित्सकों और एम्स के विशेषज्ञों ने अपनी सेवाएं दीं। सेवा भारती महानगर के मीडिया प्रभारी भगवानदास ढालिया ने कहा कि संस्था का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य और सेवा सुविधाएं पहुंचाना है। ऐसे निःशुल्क शिविर जरूरतमंद परिवारों के लिए अत्यंत उपयोगी साबित होते हैं।

इस अवसर पर राजेश जैन, धन्य कुमार जैन, सुरेंद्र जैन, प्रांत किशोरी आयाम प्रमुख आभा पांडेय, महानगर सचिव डॉ. प्रद्युम्न गुप्ता, स्वास्थ्य आयाम प्रमुख डॉ. दिनेश शर्मा, डॉ. रामअवतार यादव, करण सिंह कौशिक और अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।